Peoples Samachar

टिकर ने लांच किया टिकर मार्केट

इंदौर। टिकर प्लांट लिमिटेड पूरी तरह से 63 मून्स टेक्नोलॉजी की साझेदार हैं। टिकर प्लांट लिमिटेड ने बाजार संचार समृद्ध फीचर लांच करने की घोषणा की है। जिसे टिकर मार्केट कहा गया है। इसमें इक्विटी, कमोडिटीज, करेंसी, म्यूचुअल फंड जैसी सभी संपत्ति शामिल हैं। नए एप के लांच के साथ टिकर का मकसद आम निवेशकों के लिए शून्य लागत पर गुणवत्ता वाले उत्पाद को पेश करना है।

विशेषताएं - मार्केट एनालिसिस, वीडियो कम्युनिकेशन, फंड डिटेल, लर्निंग टूल्स, आईपीओ सिलेक्शन शामिल हैं। इस सेगमेंट के पहले फीचर में टिकर टीवी और ट्रेड नाऊ आदि जैसी कुछ विशेषताएं हैं। इक्विटी मार्केट में निवेश के लिए ट्रेड नाऊ का उपयोग किया जा सकता है।